Dainik Jagran, dated 20.10.2020

एयूडी की दूसरी कटऑफ लिस्ट आएगी आज

जासं, नई दिल्ली: अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) के स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए मंगलवार को दूसरी कटऑफ लिस्ट जारी होगी। इसके बाद 21 अक्टूबर से दूसरी कटऑफ लिस्ट के आधार पर दाखिला प्रक्रिया शुरू होगी। इसके तहत छात्र 23 अक्टूबर तक फीस जमा कर सकेंगे। वहीं इससे पहले 15 अक्टूबर को जारी पहली कटऑफ लिस्ट के आधार पर 260 छात्रों ने दाखिले के लिए आवेदन किया है। इनमें से 19 अक्टूबर को फीस जमा करने के अंतिम दिन रात 12 बजे तक जिन छात्रों की फीस जमा हो जाएगी उनका दाखिला हो जाएगा।